## खबर संक्षेप

### एकीकृत माध्यमिक शाला खलौड़ी के 2 प्राथमिक शिक्षक निलंबित

**मण्डला।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस बालिका छात्रावास खलौड़ी विकासखंड मवई में 10 फरवरी को रात्रि में हुई पत्थरबाजी एवं एकीकृत माध्यमिक शाला खलौड़ी के शिक्षकों द्वारा छात्राओं के साथ अनुचित व्यवहार की शिकायत के संबंध में जाँच की गई। जांच प्रतिवेदन के आधार पर एकीकृत माध्यमिक शाला खलौड़ी के प्राथमिक शिक्षक कोमल सिंह कुशराम एवं श्रीमती रम्मी सार्वे (माहिश्वरी) को नोटिस जारी किए गए थे। नोटिस के जवाब संतोषजनक न पाए जाने पर दोनों प्राथमिक शिक्षकों को सहायक आयुक्त जनजाति कार्यविभाग मंडला द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में श्री कोमल सिंह कुशराम एवं श्रीमती रम्मी सार्वे का मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय घुघरी जिला मंडला निहित किया गया है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता भुगतान किया जाएगा।

### मेले में 38 युवाओं का हुआ चयन

**मण्डला।** स्थानीय एवं निजी क्षेत्र की छः प्रतिष्ठित कंपनियों ने इस मेले में भाग लिया एवं 103 अभ्यर्थियों ने ऑनलाईल/ऑफलाइन पंजीयन कराया। मेले में उपस्थित कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने आए हुए युवाओं की विस्तार से काउंसलिंग की तथा कंपनी की सेवा शर्तें व सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। कंपनियों द्वारा 32 अभ्यर्थियों का रोजगार हेतु प्रारंभिक चयन एवं 6 का अप्रेंटिसशिप के लिए प्रारंभिक चयन किया गया। प्रशिक्षण अधिकारी वैशाली कामड़े द्वारा मंच संचालन किया गया।

## गुणवत्ता के साथ समयावधि में पूर्ण करें सड़क निर्माण कार्य-सोमेश मिश्रा

# मण्डला-डिण्डौरी मार्ग को लेकर असमंजस

*** मार्ग के सीमांकन को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




मण्डला-डिण्डौरी फोरलेन निर्माण कार्य मण्डला से लगभग 10 किलोमीट तक पहुंच गया है मण्डला से पटपरा रैयत तक मार्ग निर्माण किस दिशा में होना है इसको लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। ग्राम के बीच कुछ लोगों की जमींने अधिग्रहत की गई हैं जिनकी सूचना सार्वजनिक की गई लेकिन इनके आगे एवं पीछे सड़क कहां से निर्माण की जायेगी इसको लेकर कोई बताने तैयार नहीं। जिनकी भूमि अधिग्रहत हुई है उनमें से बहुतों को अभी तक मुआवजा राशि भी नहीं मिली है जिससे वे किसी दूसरी जगह अपना घर बना सकें। अचानक से कहीं निर्माण तोड़ने की सूचना मिली तो ये बेचारे ग्रामीणजन कहां जायेंगे। सड़क निर्माण एजेंसी एवं संबंधित विभाग को स्थिति स्पष्ट करते हुये इन ग्रामीणों को विश्वास में लेना होगा।

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे सड़क निर्माण कार्य तथा सड़कों के मरम्मत कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी कार्य उचित गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण करें। तकनीकि अमला लगातार भ्रमण करते हुए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट सहित निर्माण एजेंसी के अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने कहा कि मंडला-जबलपुर, मंडला-चिल्फी मार्ग के मरम्मत कार्यों के लिए कार्ययोजना के अनुसार प्रगति लाएं, संबंधित अधिकारी इसकी लगातार मॉनिटरिंग करें। मरम्मत कार्यों के दौरान उचित डायवर्सन बनाएं तथा उनके लिए स्पष्ट संकेतक भी लगाएं। उन्होंने निर्देशित किया कि हेल्पलाईन नंबर 1033 का प्रचार-प्रसार करें। दुर्घटना संभावित क्षेत्र, स्कूल तथा कॉलेज के पास स्पीड ब्रेकर बनाएं तथा संबंधित स्पष्ट संकेतक चिन्ह भी अंकित करें। बैठक में मंडला-डिंडौरी, पदमी-रामनगर-घुघरी, पाठासिहोरा-पिंडरई, चुटका आदि मार्गों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

## विद्यार्थियों का शतप्रतिशत नेत्र परीक्षण कराएं-सीईओ जिला पंचायत



सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट ने जिले में संचालित नेत्रज्योति एवं निःक्षय अभियान के प्रगति की विकासखंडवार विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि नेत्र ज्योति अभियान के तहत छूटे हुए प्रत्येक छात्र-छात्राओं के नेत्र की जांच कराएं। सभी एसडीएम अभियान की मॉनिटरिंग करते हुए शतप्रतिशत छात्र-छात्राओं का परीक्षण कराना सुनिश्चित करें। सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट ने कहा कि आगामी सत्र के पहले नेत्र ज्योति अभियान के तहत चिन्हित किए गए छात्र-छात्राओं को चश्मे का वितरण कराएं। उम्र के हिसाब से छूटे हुए लोगों को चिहिन्त करते हुए कैम्प पुनः आयोजित करें। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. के.सी. सरौते सहित संबंधित उपस्थित थे। 100 दिवसीय निःक्षय अभियान के प्रगति की समीक्षा के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट ने एक्स-रे की प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि प्रतिदिन का लक्ष्य निर्धारित करते हुए शतप्रतिशत लोगों का एक्स-रे सुनिश्चित कर ऑनलाईन एंट्री करें। अभियान के अंतर्गत नोटिफिकेशन की चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि अभियान की नियमित मॉनिटरिंग करें। स्क्रीनिंग की गति बढ़ाएं, रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत करें।

## युग प्रणेता आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का प्रथम स्मृति दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मण्डला में श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर जी में ब्र अनुराग भैया जी के सानिध्य में आचार्य श्री का प्रथम स्मृति महोत्सव दिवस तारीख 18/2/2025 को बहुत ही धूमधाम से सकल दिगम्बर जैन समाज मंदिर व्यवस्था कमेटी दयोदय गौशाला कमेटी महिला मंडल जैनम मंडल वालिका मंडल आदि सभी कमेटीयों ने आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के चरण चिन्ह जो कि डोंगरगढ से पूज्य समता सागर जी महाराज द्वारा मंत्रोचारित शुद्धिकरण व प्रतिष्ठित होकर पदाधिकारियों के द्वारा मंडला आए। जो कि 108 किलो के अष्ट धातु से निर्मित है उसकी पडाव से बस स्टैंड होते हुए श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर जी व श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर जी और कमानिया गेट से होते हुए पडाव जैन मंदिर जी में शोभायात्रा निकली पश्चात मंदिर जी के सामने ही गुरुदेव जी के चरण चिन्ह का अभिषेक शांतिधारा पूजन भक्ति आदि का कार्यक्रम अति हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ सभी ने इसमें बढचढ कर दान भी दिया। उदय चौक में रात्रि मे 7 बजे से महा आरती गायक आस्तिक भैया जबलपुर के द्वारा होना है। हम भावना भाते है कि हमारे साक्षात जीवन के हमारे महावीर आराध्य गुरुवर परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के प्रथम स्मृति दिवस पर हम सभी ने उन्हें हृदय से विनयांजली दी हैं हम सभी गुरुदेव के हमेशा ऋणि रहेंगे।आज के दिन हम सभी ने अपनी मान कषाय और अहंकार भाव को छोडकर गुरु के चरणों से आचरण की ओर अग्रसर होकर जीवन समर्पित कर दिया। उनके बताए मार्ग पर चलते रहने की भावना भाई कि गुरु जी हम भी आपके पीछे पीछे चलकर आपके गुणग्राही बने। हम सभी ने अपने अपने घरों पर रंगोली डालकर शुद्ध घी के 5 दीपक प्रज्वलित किए और समस्त जैन समाज ने एक एक दीपक महाआरती में लेकर आए। गुरुदेव के प्रति जैन व अजैन सभी सहपाठियो ने गुरुदेव के प्रति अपने अपने वक्तव्य कविता उदगार आदि देकर विनयांजली मनाई।



## घुघरी में जनपद स्तरीय बैठक का हुआ आयोजन



**घुघरी।** जनपद शिक्षा केंद्र घुघरी में कलेक्टर के निर्देशानुसार एवं डी पीसी अरविंद विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में जनपद स्तरीय बैठक में जिला एकेडमिक समन्वयक पांडे एवं जिला समावेशी शिक्षा अकादमिक समन्वयक के के उपाध्यक्ष के द्वारा जीवन कौशल के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई एवं बच्चों का कौशल विकास किस प्रकार से किया जाना है उनको विभिन्न क्षेत्रों में ले जाकर कौशल विकास की दिशा में किस प्रकार से छात्रों का कौशल हो सके जिससे वह पढ़ाई पूरी करने के बाद या आधी अधूरी पढ़ाई छोड़ते हैं तो अपने स्यम का रोजगार कैसे सृजनित कर सकते हैं इस संबंध में विस्तृत जानकारी जनपद शिक्षा केंद्र में सभी जन शिक्षक एवं माध्यमिक शालाओं के शिक्षकों को विस्तार से बताया गया इस अवसर पर विकासखंड स्त्रोत समन्वय हर्ष ज्योतिषी विकासखंड अकादमीक समन्वयक अमित श्रीवास्तव खिलेश्वर बाबा एम आई एसलोकेश साक्य या एवं मिक अनीता रहगडआले आदि उपस्थित थे।

## विक्षिप्त के ईलाज को लेकर मानवाधिकार आयोग ने लिया संज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिले के 2 मामले जो समाचार पत्रों मे प्रकाशित हुए थे जिसमें प्रथम दृष्टया मानव अधिकार का उल्लंघन है ऐसे मामले को संज्ञान मे लेकर संबंधितों से जवाब मांगा है। इस बात की जानकारी कार्यालय प्रभारी म. प्र. मानव अधिकार आयोग-मित्र, शिकायत प्रकोष्ठ शाखा मण्डला के वरूण विकास नीखर ने दी है।

### आठ माह से गांव में नहीं मिल रहा पानी

मंडला जिले के ग्राम कुटरवानी ग्राम पंचायत बीजा जनपद पंचायत मवई के ग्रामीणों को विगत आठ महीने से पेयजल नहीं मिलने का मामला सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार नल जल योजना के संचालित होने पर ग्रामीणों को पेयजल मिलता था, लेकिन बोर धसने के कारण मोटर खराब होने से विगत आठ महीने से पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है, इस कारण ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से परेशान होना पड़ रहा है। मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने कलेक्टर मंडला से मामले की जांच कराकर ग्राम कुटरवानी के जल समस्या के शीघ्र समाधान हेतु की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।

### विक्षिप्त भाई के पैर में जख्म, इलाज के लिये बहन परेशान

मंडला जिले के जिला अस्पताल से 200 मीटर दूर उदय चौक कॉम्प्लेक्स के पीछे पैर में जख्म लेकर एक विक्षिप्त युवक के कई दिनों से दर्द से तड़पने का मामला सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार युवक के विक्षिप्त होने की वजह से परिवार का साथ छूट जाने से युवक अपनी बहन के साथ शहर की गलियों में नजर आ रहे है। अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक के पैरों में गंभीर चोट आई है, लेकिन मानसिक तौर पर बीमार होने पर उसका उपचार नहीं हो पाया है और अपने भाई का उपचार नहीं होने से उसकी बहन अपने भाई के इलाज के लिये परेशान हो रही है। मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने कलेक्टर, मंडला और मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी, मंडला से मामले की जांच कराकर पीड़ित व्यक्ति के स्वास्थ्य की जांच एवं व्यवस्था के संबंध में शीघ्र कार्यवाही कराकर प्रतिवेदन 15 दिनों में मांगा है।

## डंपर ने महिला को कुचला महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज



नारायणगंज के हाईवे के पास हाईवे से चौराहा के शंकरगंज मार्ग पर गिट्टी से भरा डंपर एमपी 20 जेड 2376 ने ने पार्वती झरिया पति नरोत्तम झरिया उम्र 52 वर्ष ग्राम शंकरगंज की थी शंकरगंज की ओर से आ रहे डंपर ने राइस मिल के पास जा रही महिला को कुचलकर दिया गया जिसकी तत्काल मौत हो गई तत्काल मौके में पुलिस पहुंच कर डंपर को थाने ले एवं अमित महिला को पोस्टमार्टम के लिए समुदाय स्वास्थ्य केंद्र नारायणगंज में ले जाया गया टीआई गोपाल घोसले प्रशांत शुक्ला एवं अन्य पुलिस कर्मचारी रहे दो बाइक सवार की टक्कर से एक गंभीर रूप से घायल जिसे क्षमता श्वास केंद्र नारायणगंज में उपचार के लिए लाया गया था गंभीर चोट होने के कारण तत्काल जबलपुर रेफर कर दिया गया यह घटना नारायणगंज से 15 किलोमीटर दूर ग्राम परतला गांव के मोड की है जिसमें सुरेश सोनी पिता स्वर्गीय द्वारका प्रसाद सोनी के गंभीर चोट होने के कारण उन्हें जबलपुर रेफर कर दिया गया।



**घटना** | **पति-पत्नि के बीच रहती थी अनबन।**

# युवक की दर्दनाक हत्या, पत्नी पर शक की सुई





*** पुलिस कर रही पत्नि से पूछताछ।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

बीती दरमियानी रात्रि निवास के नजदीकी ग्राम घुरनेर के एक युवक की अज्ञात लोगों ने सरेराह निर्मम हत्या कर फरार हो गये, उक्त युवक अपने सम्पन्न घर का इकलौता पुत्र था इसके घर पिछली 13/01/ 2025 की रात्रि में चोरी की घटना भी हुई थी जिसमें लगभग 7 लाख कीमत के जेवरात और नगदी शामिल थी। और एक माह के अंदर ही 17 फरवरी की रात्रि 9 बजे राजाराम सिंगरौरे की हत्या कर दी गई जिससे पूरा परिवार बर्बाद हो गया।

जानकारी अनुसार उक्त युवक का विवाह दो वर्ष पूर्व जबलपुर बरेला निवासी सिंगरौरे परिवार की लड़की से हुई थी,और दोनों के बीच मधुर संबंध नहीं थे राजाराम की पत्नी अकसर अपने मायके में ही रहती थी।

17 फरवरी की रात 9 बजे राजाराम की पत्नी के किसी रिश्तेदार ने फोन कर राजाराम को रोड़ पर मिलने बुलाया और जैसे ही मृतक बाइक से पहुँचा एक से ज्यादा आरोपियों ने दनादन बड़े चाकू जैसे हथियार से गर्दन पीठ आदि में वार करना शुरु कर दिया जिससे उक्त की घटना स्थल में ही मौत हो गई,इस दौरान मृतक ने सहयोग को आवाज भी लगाई लेकिन घटना स्थल से काफी दूर आवास होने से कोई आ नहीं पाया, 100 डायल से प्राप्त सूचना पर निवास थाना प्रभारी वर्षा पटेल दलबल सहित मौके पर पहुंची और आक्रोशित परिजनों को काफी समझाईस के बाद शव को कब्जे में लेकर जरूरी कार्रवाई कर दूसरे दिन परिजनों को सौप दिया।

दिल दहला देने वाली वारदात के आरोपियों की मिल रही मोबाइल लोकेशन के आधार पर थाना प्रभारी रात्रि में ही जबलपुर तक पीछा किया लेकिन तब तक आरोपीयो की कुम्भ की ओर भागने की जानकारी मिली अतः दूसरे दिन वापस आकर मृतक की पत्नी को अभिरक्षा में लेकर मामले की तह में जाने की कोशिश की जा रही है, परिजनों को उम्मीद है कि पुलिस हत्यारे के आरोपी और पूर्व में हुई कई लाखों की चोरी का भी पर्दाफाश होगा जिसमें मृतक की पत्नी की मुख्य भूमिका से इंकार नहीं किया जा सकता।

### इनका कहना है:-

*सूचना मिलने पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश जारी है उम्मीद है आरोपी जल्द कानून की पकड़ में होंगे।*

*-वर्षा पटैल,*
*(थाना इंचार्ज निवास)*

## चोरी करने वाले गिरोह का हुआ पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



दिनांक 22/01/2025 को प्रार्थी काशीराम निवासी ग्राम मोईयानाला थाना बीजाडांडी जिला मण्डला की रिपोर्ट पर से अज्ञात चोरो के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। इसी तरह की अन्य घटना की रिपोर्ट भी थाना बीजाडाड़ी एवं थाना टिकरिया क्षेत्र अंतर्गत प्राप्त हुई थी, जिसमें अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। मामलें में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस निवास के निर्देशन में उक्त चोरी में संलिप्त आरोपियों के गिरफ्तार करने हेतु टीम का गठन किया गया। थाना बीजाडांडी एवं थाना टिकरिया की टीम द्वारा अज्ञात आरोपियों के संबंध में लगातार जानकारी प्राप्त कर पतासाजी के प्रयास किये जा रहें थें। तलाश पता साजी के दौरान आरोपी विकास डोगरे पिता मनोज डोगरे उम्र 19 साल निवासी ग्राम मैली थाना टिकरिया जिला मण्डला एवं आरोपी अभय सिंगरौरे पिता दिनेश सिंगरौर उम्र 19 साल निवासी ग्राम मैली घाना टिकरिया जिला मण्डला को अभिरक्षा में लेकर पुछताछ की गयीं। दोनो आरोपियों द्वारा उक्त चोरी के अलावा अन्य चोरी की घटना करना स्वीकार किया जिसमें थाना बीजाडांडी के अपराध क्रमांक 40/2025 धारा 305 बीएनएस मे ग्राम पौडी रैयत व अपराध क्रमांक 38/2024 धारा 454, 380 भादवि मे ग्राम खम्हरिया, थाना टीकरिया अंतर्गत दो चोरी करना स्वीकार किया गया। दोनो आरोपियों के कब्जे से चोरी गई सोने व चांदी के जेवर, नगद रूपये एवं 03 नग मोटर साईकिल कुल कीमती 4,94,800 रूपये की जप्ती की गई है। आरोपियों के विरूद्ध पूर्व में भी अपराध पंजीबद्ध है। आरोपियों द्वारा और भी घटना के संबंध में पुछताछ की जा रहीं हैं।

उक्त संपूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी बीजाडांडी निरीक्षक पुष्पकरण मुवेल, थाना प्रभारी टिकरिया गोपाल घासले, उनि पंकज विश्वकर्मा, उनि नीलेश पटेल, सउनि रंजीत सिंह सरैया, सउनि छवि लाल सूर्यवंशी, प्र.आर. रवीन्द्र मरावी, प्र.आर. चैन सिंह कुलस्ते, प्र.आर. उमाकांत कुम्हरे, आर. प्रशांत अवस्थी, आर. रोहित कुमार कुशवाहा, आर. नीरज बाकले, आर. हेमराज मर्सकोले, आर. महेन्द्र मार्को, म.आर. आरती मल्लाह, म.आऱ. सौदामिनी लोधी, आर. पंचम, आर. जय सिंह, आर. रोहित सिंगौर, चा.आर. विजय छिरा, थाना टिकरिया से आर. प्रशांत बघेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### तूमड़ा में भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ यज्ञ का शुभारंभ



**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** समीपस्थ ग्राम तूमड़ा में भगवान भोलेनाथ के नवीन मंदिर निर्माण होने के बाद प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान किया जा रहा है। इस मौके पर नवकुंडीय रूद्र यज्ञ का शुभारंभ भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ। इस मौके पर संत पांसी बाले महाराज के सानिध्य में यह यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस तरह ग्राम तूमडा एक बार फिर क्षेत्र में आध्यात्मिक भक्ति श्रद्धा भाव से सराबोर होते हुये देखा जा रहा है जो पूरे सप्ताह भर कथा प्रवचन वेद पाठ यज्ञ आहूति मेला का आयोजन देखने मिलेगा। वही दूसरी ओर प्रतिदिन संतों के प्रवचन से धर्म की गंगा बहने से नही चूकेगी।

### दम तोड़ रही युवाओं के लिए चलाई जा रही योजनाएं, बैकों में जाकर अटक रहे फाईले

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** जहां एक ओर प्रदेश की सरकार द्वारा शिक्षित बेरोजगारो को रोजगार मुहैया कराने के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि यह योजनाएं बैंको की मनमानी के चलते दम तोड़ रही है? गौर किया जावे तो अनेक रोजगार मूलक योजनाओं के आंकड़े बेहद चौकाने वाले है जो हर वर्ष बैंको की हठधर्मी की वजह से योजनाओं के लक्ष्य की पूर्ति नही हो पा रही है? ऐसे में युवा की जिन्दगी संभालने के लिये चलाई जाने वाली योजनाओं के नाम पर खुद को छला महसूस कर रहे है। स्वरोजगार पाने की खातिर अनेक युवा बैंको के चक्कर काट काट कर परेशान होकर थक गये है, वही दूसरी ओर देखा जावे तो शिक्षित बेरोजगारो की उम्मीदे दम तोड़नें लगी है? बैंको द्वारा सहयोग नहीं किये जाने से विभिन्न योजनाओं के तहत स्वीकृत ऋण प्रकरणो में से आधे हितग्राही भी लाभांवित नही हो पाते, बैंको में स्वरोजगार योजनाओं के प्रकरण भेजने के बाद वहां से शिक्षित बेरोजगारो को ऋण मिलना टेडी खीर साबित हो रहा है? युवाओं द्वारा स्वरोजगार योजनाएं के लिए दिये गये आवेदन के संबंध में जब संबंतिध अधिकारियों से चर्चा की जाती है तो वहां पर बताया जाता हे कि उनके द्वारा प्रकरण तैयार करते हुए बैकों में भेज दिया गया है, मगर बैको में अधिकारी बात करने के लिए भी तैयार नही होते है, जिसके चलते प्रदेश की सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं लगातार फेल होती हुए जान पड़ रही है? सही मायने में देखा जावे तो युवाओं को लेकर सरकार द्वारा योजनाये संचालित करते हुये उन्हें पैरों पर खड़े करने की बात तो कही जाती है मगर वह मात्र एक औपचारिकता पूर्ण साबित होने से नही चूक पाती है।

### शासन की जननी योजना हुई फेल ग्रामीण अंचलों मे नहीं मिल रहा इसका लाभ

**हरिभूमि न्यूज/खुलरी।** शासन द्वारा जज्चा बच्चा की रक्षा की मंशा को ध्यान में रखते हुए कुछ वर्ष पहले शासकीय अस्पताल मे सुरक्षित प्रसव कराने के लिए ग्रामीण अंचलों की गर्भवती महिलाओं को शासकीय अस्पताल तक निःशुल्क पहुंचाने हेतु जननी एक्सप्रेस योजना लागू की गई है, लेकिन यह योजना अब ग्रामीण क्षेत्र मे दम तोड़ती नजर आ रही है? क्योकि जिला एवं तहसील अस्पताल मे दूरस्थ ग्रामीण अंचलों से प्रसव कराने पहुंच रही अधिकांश महिलाओं मोटी रकम देकर स्वयं के खर्चे वाहन की व्यवस्था करना पड़ता है। हितग्रहियों की हमेशा यही शिकायत रहती है कि बार बार जननी एक्सप्रेस को फोन लगाने पर या फोन उठाया ही नही जाता या अगर उठाया भी जाता है कि वाहन कही और दूसरी गर्भवती महिला को लाने गया है का बहाना बताया जाता है, इस तरह से मजबूरी मे लोगों को निजी वाहन करके अस्पताल आना पड़ता है। नही हुए सार्थक प्रयास- प्राप्त जानकारी के अनुसार गाडरवारा तहसील स्तर की शासकीय अस्पाताल होने के कारण इस क्षेत्र में तीनो ब्लाक सांईखेड़ा, चावरपाठा व चीचली आते है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो यदि कोई व्यक्ति भौरझिर, घघरोला, पटना, सूरना, करहैया से गाडरवारा जाने के लिए इस जननी एक्सप्रेस का लाभ लेना चाहता है तो उसे कह दिया जाता है कि उसे गाडरवारा से यह सुविधा मिलना मुश्किल है, इस स्थिति में उसे निजी वाहन का उपयोग करना पड़ता है, तो सरकार की इस योजना का क्या लाभ जब गांव के लोगों को इसका फायदा नही मिल पा रहा है तो? गरीबी मे आटा गीला-कुछ ग्रामीणों से पूछने पर उन्होने बताया कि उनसे ड्रायवरों द्वारा भी अलग से राशि की मांग की जाती है। वही जैसे तैसे उनके द्वारा अधिक राशि मे एबूलेंस की व्यवस्था की जाती है और उस पर एक चोट अलग से लग जाती है। जिससे उनके सामने गरीबी मे भी आटा गीला करने वाली बात बन जाती है।

# चार साल पहले क्षेत्र से लेकर प्रदेश स्तर की राजनीति में हडकंप मचाने वाले यूरिया घोटाले की कहानी आखिरकार कहां हो गई गायब...., जांच के उपरांत जिला कलेक्टर द्वारा दिये गये एफआईआर के आदेश








**हरिभूमि न्यूज। गाडरवारा।**

हर साल देखा जाता है कि जब किसानों को अपने खेतों में बोनी करने का समय आता है तो उन्हें यूरिया प्राप्त करने के लिये कितना परेशान होना पड़ता है यह सच्चाई सिर्फ एक साल की नही बल्कि हर साल देखने मिलता और इसके बाद पता चलाता है कि यूरिया वितरण के नाम पर काफी बड़ा घोटाला होने की सच्चाई तो सामने आती है। मगर जांच के नाम पर किस तरह वह गायब हो जाती है। इस बात का शायद ही कभी किसी को पता चल पाता हो...? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई लगभग चार साल पहले भी देखने मिल चुकी है । जब गाडरवारा क्षेत्र में बड़े स्तर पर हुये यूरिया घोटाला की सच्चाई सामने आई थी तो स्थानीय स्तर से लेकर प्रदेश स्तर की राजनीति में चर्चा का विषय बनने से नही चूक पाई थी और राजधानी स्तर से जांच के आदंश जारी होने के बाद इस मामले की जांच होते दिखाई देने लगी थी और जांच की सच्चाई आने के बाद तत्कालीन जिला कलेक्टर द्वारा गफलतबाजी करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किये जाने का आदेश जारी तो किया गया था मगर आज तक यह पता नही चल पाया है कि आखिर कार उस मामले की एफआईआर किस थाने में दर्ज हुई। यह अनसुझली पहेली आज भी अधिकारियों की भूमिका पर सबाल खड़े करने से नही चूक पा रही है...? बीते हुये चार साल पहले की घटना पर नजर डाली जावे तो किसानो की बोनी के समय एक एक बोरी यूरिया खाद प्राप्त करने के लिये उस समय फैली हुई कोरोना महामारी की बीच अपनी जिन्दगी दांव पर लगाकर लाईनों में भूखे प्यास खड़े होकर पुलिस की लाठिया खाने के बाद भी जब उन्हें यूरिया नही मिल पाता था जो चुपचाप शाम को अपने घरों को चले जाते थें और दूसरे दिन फिर लाईनों में खड़े हो जाने के बाद भी उन्हें यूरिया नही मिल पाता था। इस सच्चाई के बीच जहां किसान तो परेशान होता ही रहा और किसानों के नाम पर वितरण होने के लिये आये हुये इस यूरिया में अनेक इस प्रकार को लोग मालामाल होकर धनपति बनने से नही चूके थें? इस तरह लगभग चार साल पहले जब इस सच्चाई की खोजबीन जिले की मीडिया द्वारा करते हुये सच्चाई को उजागर किया गया तो नरसिंहपुर सहित गाडरवारा क्षेत्र में यूरिया घोटाले का मामला संपूर्ण प्रदेश में गूंजने से नही चूक था। वही अधिकारियों की मिली भगत के चलते किसानों के नाम पर वितरण होने वाला यह यूरिया इस प्रकार के किसानों के नाम पर वितरण कर दिया गया था जिनके नाम पर यदि सूक्ष्मता से जांच कराई जावे तो उतनी जमीन के मालिक तक नही होंगे जितना उनके नाम पर यूरिया स्वीकृत हो चुका था..? इस प्रकार से लगभग चार वर्ष पहले मात्र 22 किसानों के नाम पर वितरण किये गये 9 हजार 119 क्विंटल यूरिया आवंटित किये जाने की सच्चाई को मीडिया द्वारा लगातार उजागर किया गया था। जिसमें प्रमुख रूप से दीप माला सालीचौका गाडरवारा, रीतेश अमोदा, रामेश्वर बसुरिया, दिनेश गाडरवारा, रोहित नरवारा, राजकुमार सालीचौका रोड, रामस्वरूप टुईयापानी, नंद किशोर सालीचौका रोड़, छोटे लाल सालीचौका, अमित गाडरवारा, मनखान चारगांव खुर्द, पतिराम गाडरवारा, सुरेन्द्र गाडरवारा, विजय सालीचौका रोड, विंजय झामर, सुरेन्द्र नरसिंहपुर, सुकेश गाडरवारा, दिलीप कंदेली, मनोहर गाडरवारा, रतल नरसिंहपुर, पलास गाडरवारा के नाम पर आवंटित होने की सच्चाई सामने आने के बाद अधिकारियों से लेकर जिम्मेदारों के बीच सनसनी का महौल निर्मित हो गया था। इसके बाद तत्कालीन जिला कलेक्टर द्वारा यूरिया मामले को लेकर 27 अगस्त 2020 को जन संपर्क विभाग के माध्यम से जारी की गई सूचना में इस बात का उल्लेख किया गया था कि यूरिया वितरण में अनियमितता पर 4 उर्वरक विक्रेताओं के विरूद्ध दर्ज होगी एफआईआर का आदेश जारी हुआ था। पीओएस मशीन से यूरिया वितरण में अनियमितता पर 4 निजी उर्वरक विक्रेताओं के विरूद्ध एफआईआर. पुलिस प्राथमिकी आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की अनुशंसा की है तथा इस संबंध में तत्कालीन कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए कहा था। मगर वह आदेश कहा गायब हो गया है और आदेश के पालन में क्या कार्यवाही हुई इस सच्चाई का आज तक सार्वजनिक तौर से कोई पता नही चल पाया है जो निश्चित तौर से अधिकारियों की कार्य प्रणाली पर सबाल खड़े करने से नही चूक रहा है..? वही दूसरी ओर इस मामले में उर्वरक विक्रेताआ के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करने की अनुशंसा किये जाने की बात कही गई थी..? वही जांच में निजी उर्वरक विक्रेताओं के चार प्रकरणों में पीओएस मशीन से यूरिया वितरण में अनियमितता किया जाना पाया गया था? वही जांच में जो पाया गया था उसके अनुसार मुलायम नाम से 58.005 में.टन यूरिया, राजकुमार के नाम से 43.200 मे.टन यूरिया एवं छोटेलाल के नाम से 23,081 मे. टन यूरिया इस तरह कुल 124.286 मे.टन यूरिया का वितरण किसानवार न करते हुये पीओएस मशीन से इनके पुत्र द्वारा वितरित की गई जो अनियमितता की श्रेणी में आता है..? इसी तरह प्रशांत द्वारा राजकुमार के नाम से 7.200 मे.टन यूरिया एवं छोटेलाल के नाम से 18 मे. टन यूरिया इस तरह कुल 25 मे. टन यूरिया का वितरण किसान वार नहीं किया गया। इसी तरह संजय द्वारा रोहित के नाम से 44.100 मे.टन यूरिया रामस्वरूप के नाम से 40.500 मे1टन यूरिया,अमित के नाम से 36 मे. टन यूरिया एवं पलाश के नाम से 31.500 मे1 टन यूरिया इस प्रकार कुल 152.100 मे. टन यूरिया का वितरण किसानवार नहीं किया गया। इसी प्रकार अक्षत द्वारा पतिराम के नाम से 36 मे.टन यूरिया एवं सुकेश के नाम से 32.400 मे. टन यूरिया इस प्रकार कुल 68 मे. टन यूरिया का वितरण किसानवार नहीं किया गया। इस प्रकार उक्त उर्वरक विक्रेताओं द्वारा यूरिया वितरण में शासन के निर्देशों का उल्लंघन किये जाने की सच्चाई सामने आई हुई थी? फलस्वरूप पीओएस मशीन से किसानवार यूरिया का स्टाक निरंक नहीं किया जाकर एक साथ बहुत अधिक मात्रा में अपने कर्मचारी, रिश्तेदारों व अन्य कृषकों के नाम किया जाना पाया गया जो गंभीर अनियमितता की श्रेणी में मानते हुये इन सभी चारों उर्वरक विक्रेताओं के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करने की अनुशंसा लगभग चार वर्ष पहले तत्कालीन कलेक्टर द्वारा की गई थी। मगर इस अनुशंसा आदेश को आज चार साल से भी अधिक का समय निकल जाने बाद भी इस मामले में क्या कार्यवाही हुई है व किस थाने में एफआईआर हुई इस सच्चाई का शायद ही किसी को कोई पता हो..? इस तरह स्थानीय स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक सनसनी फैला देने वाला इस यूरिया घोटाले की सच्चाई आखिर कार कहा गायब हो गई है। जिसके चलते यह सच्चाई आज भी एक पहेली बनने के साथ साथ अधिकारियों की कार्य प्रणाली पर सबाल खड़े करने से नही चूक रही है।

## आखिरकार पंचायतों में जनप्रतिनिधि बनते ही क्यों बदल जाते हैं उनके तेवर?

**हरिभूमि न्यूज/ सालीचौका।** वर्तमान परिवेश यदि ग्रामीण अंचल के जनप्रतिनिधियों में पंचायत स्तर के प्रमुख माने जाने वाले जनप्रतिनिधियों की बात करे तो निश्चित ही जनप्रतिनिधि बनने के बाद जिस प्रकार से चंद



वर्षो के बाद उनके परिवेश में बेतहाशा बदलाब देखने को मिल रहा है उससे पंचायतों में आम जनता का विकास होने की जगह उनके विकास की सच्चाई उजागर होने से नही बच पा रही है? यदि इनकी सच्चाई पर गौर किया जावे तो क्षेत्र की अनेक ग्राम पंचायतों के पंचायत जनप्रतिनिधि जो खेतों में हल जोतने के आलवा दिन भर मेहनत मजदूरी करके अपना भरण पोषण करते हुए देखे जाते थें जिन्हें बीते हुये पांच वर्ष पहले जिस तरह से पंचायत स्तर पर जब प्रतिनिधि की कुर्सी मिलने के बाद उन ग्रामों के पंचयात स्तर या फिर अन्य प्रमुख पदो पर पहुंचतें ही कायाकल्प हो जाती है? क्योंकि वह पहले जहां कच्चे खपरैल वाले मकानों में रहने से लेकर दूर दराज के गांवों तक जाने के लिए वाहन के नाम पर मात्र एक मामूली से साईकिल पर ही आश्रित रहतें थें वह आज चंद वर्षो में ही अपनी खेती बाड़ी में प्रकृति की मार झेलते हुए उनके दिन जिस प्रकार से बदले हुए दिखाई दे रहे है जो सिर्फ चर्चा का विषय ही नही बल्कि उनकी आये की सच्चाई को जांच करने की ओर संकेत देने से नही चूक पा रही है? क्योंकि अनेक पंचायतों में देखा गया था कि जहां वह शुरूआती तौर में साईकिलों के माध्यम से अपनी जीविका चला रहे थें मगर वह वह दो पाहिया गाड़ी तो छोटी बात है चार पहिया चमचमाती गाडी घर के सामने खड़ी हुई दिखाई देने से नही चूक पा रही है? यदि इस सच्चाई पर गौर किया जावे तो शासन प्रशासन द्वारा ग्रामीणो के हित के लिए कई योजनाएं व सुविधा मुहैया कराई जाती है जिसका लाभ शायद उन पात्र हितग्राहियों की जगह कही और जाते हुए दिखाई दे रहा है और शायद इसी का परिणाम है कि इन पंचायत स्तरीय जनप्रतिनिधियों के आये दिन सुख सुविधा के साधन बदल रहे है? इस संबंध में जब ग्रामीण क्षेत्रो का रूख करते है तो खुलेआम ग्रामीणों द्वारा कहा जाता है कि सरपंच जी से हमारे प्रारम्भ से ही घरेलू संबंध थें किन्तु उनके पंचायत के जनप्रतिनिधि बनतें ही श्रीमान जी के तेवर कुछ बदल से गए? वही जिन पंचयतों में महिला जनप्रतिनिधि है वहां के लोगों के मुंह से तो यह तक सुना जाता है कि बा भौजी तो पहले सी ऐसई थी और अब भी एसई है, मनों जब से भौजी पंचायत की जनप्रतिनिधि बनी है तब से भैया के मन जलबे है, अब बे तो भौजी के पद पर खुदई भैया मजा कर रहे है? कोई समस्या पूछनें या बताने पर सीधें मुह बात नही करतें और न ही किसी योजना की जानकारी देते?

## लेदर बाल क्रिकेट प्रतियोगिता में नरसिंहपुर बनी विजेता तो आमगांव छोटा रही उपविजेता, खेल की दुनिया में हार के बाद ही जीत का लक्ष्य प्राप्त होता है- पाठक






हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। समीपस्थ ग्राम आमगांव छोटा वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी स्टेडियम में बीते हुये दिनों से मणिनागेन्द्र सिंह फाउण्डेशन के तत्वाधान में आयोजित की गई लेदर बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाईनल मैच नरसिंहपुर तथा स्थानीय यानि की आमगांव टीम के बीच खेला गया। इस फाईनल मुकाबले में नरसिंहपुर टीम विजेता बनी तो उप विजेता का खिताफ आमगांव टीम को हासिल हुआ। इस तरह इस प्रतियोगिता की बीते हुये समापन समारोह भाजपा जिला अध्यक्ष रास्नेही पाठक के मुख्य आतिथ्य व क्षेत्र के पूर्व विधायक गोविंद सिंह पटैल कक्काजी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस मौके पर विशेष अतिथि के रूप में समीपस्थ तेंदूखेड़ा क्षेत्र के विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल मौजूद रहे। समापन समारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दोनों टीमों के खिलाडियों के परिचय के बाद वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी सहित स्व. मणिनागेन्द्र सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुयें किया गया। इस दौरान अतिथियों द्वारा सामुदायिक भवन के निर्माण हेतु भूमि पूजन किया गया। वही क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता बसंत तिवारी, जनपद पंचायत सांईखेड़ा अध्यक्ष छत्रपाल सिंह, लोधी समाज के जिला अध्यक्ष अशोक पटैल, राव शैलेष सिंह, सिहोरा भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रताप सिंह कौरव मोनू भाई, बडे लाल पटैल, भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व पदाधिकारी आनंद सिंह राजपूत, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल कौरव, प्रसन्न शर्मा, रामदास कौरव, राजेन्द्र कौरव, सतीश कौरव शालकराम भाई, रामलाल वर्मा, तिलक सिंह राजपूत, गोलू साहू, भगवत सिंह पटैल, सुल्तान सिंह अतरौलिया, शुभम पटैल, चंद्रभूषण कौरव, वीरेन्द्र राजपूत सहित अन्य लोग मौजूद थें। वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुये भाजपा जिला अध्यक्ष रामस्नेही पाठक ने कहा कि बडे ही गौरव की बात है कि ग्रामीण स्तर पर इस तरह लेदर बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजना करना तारीफ के काबिल है। क्योंकि लेटर बाल क्रिकेट को लोग भूलते जा रहे है। मगर हमारे क्षेत्र के लोग आज भी आयोजित कराते हुये आने वाली युवा पीढ़ी को खेल के प्रति जागरूक करने में कोई कसर नही छोड़ रहे है। वही विजेता व उप विजेता टीम के खिलाड़ियों को बधाई देते हुये भाजपा जिला अध्यक्ष पाठक द्वारा कहा कि कभी भी हारने वाली टीम को निराश नही होना चाहिये। क्योंकि जीतने वाली टीम की खुशी उसी हारने वाली टीम के बदौलत होती है। क्योंकि खेल में हारने के बाद ही जीत का लक्ष्य प्राप्त होता है। क्योंकि जब कोई टीम हारते है तो उसे अपने खेल में छोडी गई कमियों का अहसास होता है और जब वह दूसरे मैच में मैदान पर उतरती है तो उन कमियों को दूर करते हुये अपने खेल का प्रदर्शन करती है तो वह अपने जीत के लक्ष्य को प्राप्त करने से नही चूकती है। वही कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में पधारे हुये तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल ने अपने संबोधन में फाइनल मुकाबले तक पहुंची दोनों टीमों के साथ साथ इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों को बधाई देते हुये कहा कि क्रिकेट इस तरह का खेल होता है कि अंतिम ओवर तक उसमें इस बात का पता नही रहता है कि आखिरकार कौन टीम हार सकती है और कौन सी जीत सकती है। क्योंकि एक ओवर में पूरा खेल परिवर्तित होते देखा जाता है। वही दूसरी ओर इस तरह ग्रामीण स्तर पर सफल आयोजन को लेकर आयोजन समिति की भी प्रशंसा की गई। वही समापन समारोह की अध्यक्षता करर रहे भाजपा के वरिष्ठ व पूर्व विधायक गोविंद सिंह पटैल कक्काजी ने संबोधित करते हुये कहा कि गाडरवारा क्षेत्र में किक्रेट खेल को लेकर संपूर्ण प्रदेश में एक अलग ही पहचान बनाई गई है। क्योंकि बीते हुये वर्षो में जिस तरह गाडरवारा के खेल मैदान पर जिस तरह राज्य स्तरीय प्रतियोगिताये होती थी तो देश के अन्य प्रांतों की टीमे भाग लेती थी। वही दूसरी ओर आयोजन समितियों के लिये लोग पूरा सहयोग करने में पीछे नही रहते थें। मगर बीते हुये दो सालों से देखा जा रहा है कि गाडरवारा पुराने कालेज मैदान पर आयोजित होने वाली क्रिकेट प्रितयोगिता पता नही क्यों बंद हो गई है। मगर उसी प्रकार की प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम आमगांव छोटा के युवाओं ने आयोजन कराते हुये खेल प्रमियों के दिलों में ऊर्जा जगा दी गई है। इस दौरान अतिथियों द्वारा विजेता व उप विजेता टीमों को पुरूस्कार वितरण किये गये। वही दूसरी ओर इस प्रतियोगिता में अपने खेल का सर्व श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़यों को भी सम्मानित किया गया।

## आखिरकार पलोहा थाना क्षेत्र में खाकी किसके संरक्षण के चलते बादशाह की बन चुकी है गुलाम, कभी इस पार तो कभी उस पर 52 पत्तों को खेल खड़े कर रहा सवाल..?

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**



इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि क्षेत्र में जब कोई भी अवैधानिक कृत्य स्थापित होता है तो वहां के पहरेदारो की मिली भगत की देन का परिणाम ही माना जा सकता है..? क्योंकि यह कहाबत तो सुनी गई है कि बगैर क्षेत्र में रखबारे अपनी पर आ जावे तो पत्ता हिलना तक मुश्किल हो जाता है। मगर तेंदूखेड़ा पुलिस अनुविभाग के अंतर्गत आने वाले पलोहा थाना क्षेत्र भटेरा सहित जगग बदल बदल बदल कर बीते हुये लम्बे समय से जिस तरह 52 पत्तों का खेल कभी इस पार तो कभी उस पार चलते हुये देखा जा रहा है वह निश्चित तौर जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा जिस तरह अवैधानिक कृत्यों पर रोक लगाने के लिये चलाई जा रही मुहिम पर सबाल खड़े करने से नही चूक रहा है..? इस तरह पलोहा थाना क्षेत्र में जिस तरह से बेगुम गुलाम की बादशाही चल रही है उसके चलते चाय पान ठेलों से लेकर गली गली यही चर्चा सुनाई देने से नही चूक रही है कि आखिरकार किसका संरक्षण मिल रहा है जिसके चलते यहां पर खाकी बादशह की गुलाम बन कर रह गई है। इस तरह पलोहा थाना क्षेत्र में संचालित हो रहे 52 पत्तों के अवैध कारोबार को लेकर बताया जाता है कि जहां प्रतिदिन दूर दूर से लोग पहुंचकर लाखों के दांव लगाने से नही चूक रहे है। पलोहा थाना क्षेत्र की सच्चाई पर गौर किया जावे तो जब से यह थाना क्षेत्र गाडरवारा अनुविभाग से हटकर तेंदूखेड़ा में शामिल हुआ है। उस समय से देखने मिल रहा है कि मानों अनुविभाग स्तर से लेकर थानों में बैठे हुये पेहरेंदारों की पो बारह हो चुकी है और वह बादशाह के गुलाम बनकर जिला स्तर पर बैठे हुये अधिकारियों की क्षति को दागदार बनाने में कोई कसर नही छोड़ रहे है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय में देखने मिल रही है। पलोहा थाना क्षेत्र भटेरा के आसपास से लेकर तेंदूखेड़ा थाने की सीमा यानि की कभी इस पार तो उस पार जिस तरह यह अवैध कारोबार चलते हुये देखा जा रहा है उसके चलते पलोहा से लेकर तेंदूखेड़ा पुलिस की भूमिका सबालों के घेरे में आने से नही चूक रही है। इसी का परिणाम है कि क्षेत्र में किसानों के कृषि यंत्रों सहित अन्य प्रकार की चोरी जैसे घटनाये जन्म लेना आम बात बन चुकी है। वही दूसरी ओर इस अवैध कृत्य में दांव लगाने के शौकिनों द्वारा भी प्रभावशाली लोगों से अपनी लत पूरी करने के लिये मनमाने ब्याज पर कर्ज लेकर दांव लगाने में पीछे नही रह रहे है..? इस तरह क्षेत्र में 53 पत्तों का खेल जहां धूम मचाते हुये देखा जा रहा है तो दूसरी ओर अवैध रूप से साहूकारी का धंधा भी लगातार अमर बेल की तरह फैलने से नही चूक पा रहा है। इसकी गिरप्त में अनेक युवाओं के आने के कारण उनके घर बर्बाद होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है..?

## प्रशासन की अनदेखी पड़ सकती है भारी, हवा में झूलते हुये नजर आ रहे गन्ने से भरे हुये ट्रेक्टर ट्राली

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**



प्रतिवर्ष देखा जाता है कि जब क्षेत्र में गन्ने का सीजन शुरू होता है कि क्षेत्र में स्थापित शुगर मिलों में काम करने के लिये दूसरे प्रांत से आने वाली लोगों द्वारा क्षेत्र की सड़को पर खून की नदिया बहाने में कोई कसर नही छोड़ी जाती है? क्योंकि इन लोगों द्वारा अपने स्वार्थ को ध्यान में रखते हुये जिस तरह नियमों की धज्जियाँ उड़ाते हुये सड़को पर एक ट्रेक्टर में डबल ट्राली लगाकर उन्हें दौड़ाया जाता है उसके कारण घटित होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में क्षेत्र के लोग बैमौत मरने से नही बच पाते है? क्योंकि जब किसी सड़क से इस तरह डबल ट्राली लगा हुआ गन्ने से लदा ट्रेक्टर ट्राली जा रहे होत है कि उनके पीछे वाले वाहन चालकों को सामने से आने वाली वाहन दिखाई नही देता है तो दूसरी ओर सामने से आने वाली वाहन चालक को इस बात का अनदेशा नही रहता है कि सामने से आने वाले ट्रेक्टर में डबल ट्राली लगी होगी इस स्थिति में जब वाहन चालक अपने वाहन को अंदर प्रवेश करा देता है और वह दुर्घटना का शिकार होने से नही चूक पाता है? यदि इस सच्चाई पर गौर किया जावे तो बीते हुये वर्षो में इस प्रकार से क्षेत्र की सड़को पर दौड़ने वाले गन्ने से लदे हुये डबल ट्रेक्टर ट्रालियों से घटित हुई घटनाओं के चलते अनेक लोगों की जाने जा चुकी है? जबकि यातायात नियमों के अनुसार बताया जाता है कि किसी वाहन में पंजीयन के तहत दर्ज वाहन के माफ दंडों के विपरित यदि वाहन को पाया जाता है कि तो वह नियम खिलाफ होता है? जबकि ट्रेक्टर ट्रालियों के पंजीयन में ट्रेक्टर के साथ मात्र एक ट्राली का उल्लेख रहता है। इस तरह एक ट्रेक्टर में डबल ट्राली लगाते हुये उसका परिवहन करना यातायात नियमों के विपरित होने के बाद भी क्षेत्र की सड़को पर धडल्ले से गन्ना की ढुलाई करने वाले ट्रेक्टर ट्रालियों को दौड़ते हुये देखा जाने के बाद भी पुलिस से लेकर जिम्मेंदार प्रशासनिक अधिकारियों की उदासीनता का परिणाम इस प्रकार से दिखाई दे रहा है कि अब अपने ट्रेक्टरों में डबल ट्राली लगाकर गन्ना ढुलाई करने वालों के हौसले इतने बुलंद हो चुके कि वह अपने ट्रेक्टरों को जमीन पर चलाने की जगह हवा में चलाते हुये देखे जा रहे है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई क्षेत्र में अनेक जगहों पर देखने मिल रही है जहां पर गन्ने की डबल ट्राली लगातार दौड़ रहे ट्रेक्टर हवा में झूलते हुये नजर आने से नही चूक रहे है। इस तरह की मनमानियों पर यदि अधिकारियों ,ारा ध्यान नही दिया गया तो निश्चित ही किसी दिन बड़ी घटना की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### युवा संगम रोजगार मेला का आयोजन

**डिंडोरी** शासकीय चन्द्रविजय महाविद्यालय डिण्डौरी में जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र एवं शासकीय ओद्यौगिक प्रशिक्षण संस्थान डिण्डौरी द्वारा संयुक्त तत्वाधान में आज मंगलवार को युवा संगम रोजगार मेला का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 42 आवेदक उपस्थित हुए तथा निजी क्षेत्र की कंपनियों द्वारा कुल 10 आवेदकों का प्रारंभिक चयन किया गया। जिसमें शिवशक्ति एग्रीटेक द्वारा 03, एसआईएस द्वारा 02, ऐक्सिस बैंक (एनआईआईटी) द्वारा 05 आवेदकों का प्रारंभिक चयन किया गया।

### कलेक्टर ने वाटरशेड के कार्यों की समीक्षा बैठक की

**डिंडौरी** । कलेक्टर ने वाटरशेड के कार्यों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने वाटरशेड के प्रचलित कार्यों की जानकारी लेते हुए लिनामेंट मैप, ड्रेनेज मैप, कन्टूर मैप, वृक्षारोपण की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अमृत सरोवर 2.0 में निर्माण किए जाने वाले अमृत सरोवर के स्थल चयन से लेकर अमृत सरोवर निर्माण कार्य में वाटरशेड की टीम निर्माण एजेंसी टीम के साथ मिलकर कार्य करना सुनिश्चित करें। जिससे समन्वय के साथ बेहतर निर्माण कार्य किया जा सके। कलेक्टर ने जल संरक्षण के लिए कार्ययोजना के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने वाटरशेड क्षेत्रों जैसे तालाब, चेकडेम आदि का निरंतर निरिक्षण करने के निर्देश दिए। साथ ही विगत 10 वर्षों में वाटरशेड के तहत आए प्रोजेक्ट और उनकी प्रगति का प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उक्त बैठक में सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, वाटरशेड के प्रभारी स्टीफन इक्का सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष का मंडल अमरपुर एवं सक्का में प्रथम आगमन पर किया गया भव्य स्वागत



**अमरपुर।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष चमरू सिंह नेताम का मंडल अमरपुर एवं सक्का में प्रथम आगमन पर जगह-जगह जोरदार स्वागत किया गया। भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का स्वागत अमरपुर एवं सक्का मंडल के अध्यक्ष कृष्ण कुमार मिश्रा व अनिल साहू के द्वारा मां नर्मदा जी का स्मृति चिन्ह, शाल व श्रीफल भेंट कर फूल माला से जिलाध्यक्ष का भव्य स्वागत किया गया। इसके पश्चात मंडल सक्का के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष अनिल साहू का स्वागत सक्का मंडल के कार्यकर्ताओं के द्वारा किया गया व जिलाध्यक्ष का सभी शक्ति केंद्र प्रभारी एवं शक्ति केंद्र की टीम व कार्यकर्ताओं के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक ओमप्रकाश धुर्वे, जिला पंचायत सदस्य प्रीतम मरावी, पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत, जिला महामंत्री जय सिंह मरावी, मीडिया प्रभारी सुधीर दत्त तिवारी, एस टी मोर्चा जिलाध्यक्ष महेश धूमकेती, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राकेश परस्ते, वरिष्ठ कार्यकर्ता तीरथ मूलचंदानी, धोबी परस्ते, पुष्पराज तेकाम, सुरेश नायक, रामकृष्ण नायक, रामनाथ उद्दे, माखन साहू, किशोर मार्को, राम कुमार वनवासी, आकाश नामदेव, लक्ष्मी यादव, संजय सिंगौरे, रामेश यादव, रामकृष्ण यादव, राजेश कछवाहा, क्रांति धुर्वे, गन्ना बर्मन एवं समस्त वरिष्ठ कनिष्ठ भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण भारी संख्या में उपस्थित रहे।

### आखिर नप गए ऑनलाइन कमीशन लेने वाले प्रभारी कार्यपालन यंत्री

**डिंडौरी न्यूज।** लोक निर्माण विभाग में लम्बे समय से पदस्थ रहें प्रभारी कार्यपालन यंत्री संतोष ठाकुर आखिरकार नप गए, ठेकेदार से पेटीएम के जरिये ऑडिटर के खाते में कमीशन लेने का मामला न्यूज़ चैनलो और अखबारों में खूब सुर्खिया बटोरी थी,कमीशन खोरी का ऑनलाइन मामला सामने आने और भ्रष्टाचार का मामला तूल पकड़ने पर मोहन सरकार की काफ़ी लानत मलानत हुई थी। विभाग और शासन की छवि धूमिल करने वाले भ्रष्ट प्रभारी कार्यपालन यंत्री संतोष ठाकुर को लोक निर्माण विभाग मंत्रालय के उप सचिव नियाज अहमद खान ने आदेश जारी कर ठाकुर को कार्यालय मुख्य अभियंता लोक निर्माण परिक्षेत्र रीवा में अटैच किए जाने का आदेश जारी किया हैं।

# जनसुनवाई में प्राप्त 57 आवेदनों की हुई सुनवाई

**कलेक्टर ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित कर लोगों की समस्याएं सुनी। आवेदकों द्वारा विभिन्न समस्याओं के 57 आवेदन प्रस्तुत किये गए, जिनका त्वरित निराकरण किया।**

डिंडौरी




जिन आवेदन पत्रों का निराकरण नहीं हो पाया, उनके लिए आवेदकों को समय सीमा दी गई। आज जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, अपर कलेक्टर सुनील शुक्ला, एसडीएम डिंडौरी भारती मेरावी, डिप्टी कलेक्टर रामबाबू देवांगन सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

जनसुनवाई में आवेदक प्रहलाददास, प्रमोददास और नीरजदास ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि उन्हें एकीकृत माध्यमिक शाला भवन बिलाईखार की पुताई एवं पेंटिंग कार्य का भुगतान नहीं किया गया है। उन्होंने पुताई एवं पेंटिंग कार्य का भुगतान कराने की मांग की। कलेक्टर ने उक्त आवेदन का निराकरण कर सूचित करने हेतु संबंधित बीईओ एवं बीआरसी को निर्देशित किया है। इसी प्रकार से ग्राम पंचायत सिमरिया के ग्रामीणों ने आवेदन प्रस्तुत कर पंचायत के सरपंच एवं सचिव द्वारा पंचायत के विभिन्न कार्यों में भ्रष्टाचार एवं अनियमितता बरतने का आरोप लगाया है साथ ही कार्यवाही की मांग की है। जिस पर सीईओ जनपद पंचायत को प्रकरण की जांच कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। महावीर टोला निवासी आवेदिका मीरा बाई ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि आकाशीय बिजली गिरने से वह शारीरिक रूप से असमर्थ एवं पीडित है मीरा बाई ने सहायता राशि दिलाने की मांग की। उक्त आवेदन पर कार्यवाही हेतु एसडीएम डिंडौरी को निर्देशित किया गया है। ग्राम पंचायत मडियारास से स्व.रमेश प्रसाद नंदा (जल वाहक) के पुत्र शिवकुमार नंदा ने अनुकंपा नियुक्ति हेतु आवेदन किया है। पार्वती बाई बरमैया ने उनके पति दयाराम बरमैया जो वृहद कन्या आश्रम शहपुरा में रसोइया के पद पर कार्यरत थे जिनके स्थान पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने की मांग की है। कलेक्टर ने जनसुनवाई में प्राप्त सभी आवेदन पत्रों का प्राथमिकता से निराकरण करने के लिए संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया। साथ ही आवेदनों का निराकरण कर आवेदकों को सूचित करने को कहा। कलेक्टर ने जनसुनवाई में सारंगपुर पडरिया डेम के संबंध में प्राप्त शिकायत पर कार्यवाही करने हेतु सीईओ जिला पंचायत को मौके पर निरीक्षण कर उचित कार्यवाही करने और डब्ल्यू आरडी को ड्रांइग डिजाइन आदि की रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान जनसुनवाई में अनुपस्थित पाए गए कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग को बिना अनुमति जिला मुख्यालय छोडने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई में समस्त जिला प्रमुखों सहित निर्माण कार्य संबंधी समस्त अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। जनसुनवाई में आज राजस्व विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, जल संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग और खाद्य आपूर्ति विभाग से संबंधित पेयजल, भूमि सीमांकन, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना, उपचार सहायता आदि के आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया।

## खारीडीह में महात्मा गांधी की मूर्ति की स्थापना



डिंडौरी

करंजिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत खारीडीह के चैकी मोहल्ला तिराहे पर जनपद सदस्य मधुबन धुर्वे, सरपंच सोनी बाई धुर्वे की मौजूदगी में विधिवत पूजा पाठ उपरांत महात्मा गांधी के मूर्ति की स्थापना की गई।इस मौके पर जस एम धुर्वे ने कहा महात्मा गांधी ने देश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अपना सर्वस्व न्यौछावर किया हैं इसलिए ग्राम के अंदर ऐसे महान पुरुष की प्रतिमा स्थापित किया गया।सर्व सम्मति से ऐसा करने से इस स्थान का महत्व और बढ़ गया यकीनन आते जाते लोग गांधी जी को देखकर उनके बारे में जानने का प्रयास करेंगे।मढ़ई मेले का आयोजन - खारीडीह ग्राम पंचायत के नेतृत्व में एक दिवसीय मढ़ई मेले के आयोजन में वनांचल वासियों के बीच गजब का उत्साह देखा गया खासतौर पर जंगलों में बसने वाले नागरिक अधिक खुश दिखें इन्होंने बाहर से आए दुकानदारों से विभिन्न उपहार व चिंहा के सामग्री वस्तुओं आदि की खरीददारी के लिए दुकानों के आसपास भीड़ लगाएं रखा।बताया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में लगने वाले मढ़ई मेले क्षेत्रवासियों के लिए पर्व के समान होते हैं वे इस पल को यादगार बनाने का कोई मौका नहीं चूकते हैं कि यहां मेले के अवसर पर पारंपरिक वेशभूषा से सजे धजे ग्रामीण आकर्षण का केंद्र बनें रहें जबकि आसपास के गांवों से ग्रामीणों की भीड उमड़ी जो देर शाम तक मनचाहा वस्तुओं की खरीदारी में लगें रहें ।

**यह रहें उपस्थित** -सभी कार्यक्रमों के आयोजन में ग्राम के गणमान्य नागरिक रत्नू सिंह धुर्वे मुकद्दम, उपसरपंच छोटे लाल मरावी, नानसिंह पट्टा पुसवा पट्टा कोमल सिंह मरकाम,संचू पट्टा, परसराम धुर्वे,मंगल धुर्वे रामबाई धुर्वे लमिया बाई, धुर्वे, सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

## कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट सभागार में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली

डिंडौरी



कलेक्टर मारव्या ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। उक्त बैठक में सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, अपर कलेक्टर सुनील शुक्ला, जिला समन्वयक सर्व शिक्षा अभियान रावेन्द्र मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी रति सिंह सिंद्राम सहित समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड समन्वयक, जनशिक्षक उपस्थित रहे। कलेक्टर मारव्या ने आगामी बोर्ड परीक्षा एवं अन्य बार्षिक परीक्षाओं की तैयारियों एवं आगामी सत्र के लिए गुणवत्तायुक्त शिक्षा के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षाओं के लिए आवश्यक तैयारियों को समय पर पूरा करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर मारव्या ने आगामी शिक्षण सत्र के लिए निर्देशित करते हुए कहा कि सभी जिम्मेदार अधिकारी गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने के लिए प्राथमिकता से कार्य करें। आगामी शिक्षण सत्र के लिए समिति के माध्यम से युक्तियुक्तकरण कराया जाएगा। सभी जिम्मेवार अधिकारी विद्यालयों का निरीक्षण शासन के नियमानुसार कराना सुनिश्चित करें। जिसमें प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा मानक स्तरों प्रदान की जाने वाली शिक्षण सुविधाओं का अवलोकन करें। निरीक्षण का प्रतिवेदन ई-गवर्नेंस कार्यालय में पोर्टल के माध्यम से प्रस्तुत करें। निरीक्षण के बाद 15 दिवस में प्राप्त शिकायतों का समाधान कराना सुनिश्चित करें। विद्यालयों में सुधार न होने की स्थिति में संबंधित जनशिक्षक और जिम्मेवार शिक्षकों की वेतन से कटौती की जाएगी। शिक्षा की गुणवत्ता बढाने के लिए प्रभावी निरीक्षण करते हुए सुधारात्मक कार्य करें। कलेक्टर मारव्या ने आगामी सत्र के लिए समय पर पुस्तक वितरण सुनिश्चित कराने और प्रतिमाह मासिक टैस्ट आयोजित कराने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मानक आधार पर मासिक टेस्ट का आयोजन प्रतिमाह परिणामों का अवलोकन कराना सुनिश्चित करें। परीक्षा परिणाम में सुधार नहीं होने की स्थिति में संबंधित शिक्षकों पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर मारव्या ने पुस्तक वितरण गणवेश, क्षतिगस्त भवनों की मरम्मत प्रवेश उत्सव कार्यक्रम, सकल नामांकन दर में वृद्धि, ड्रोपआउट अनुपात को शून्य करना सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए।

## ढोल नगाड़े एवं आतिशबाजी के साथ हुआ भाजपा जिलाध्यक्ष का स्वागत

### भाजपा में हर कार्यकर्ता का सुनिश्चित स्थान और सभी का सम्मान - चमरू सिंह नेताम



डिण्डौरी

मंडल समनापुर में समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे केन्द्रीय मंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते, अजजा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री पंकज सिंह तेकाम, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेन्द्र सिंह राजपूत, वरिष्ठ भाजपा नेता इस स्वागत कार्यक्रम मे उपस्थित रहें। सभी मंचासीन पदाधिकारियों के कार्यक्रम स्थल पहुचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा आतिशबाजी कर पारंपरिक नृतक दल रीना शैला नृत्य के साथ नव नियुक्त जिलाध्यक्ष का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के शुरूआत मे भारतमाता, पं. दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के तेलीय चित्र पर तिलक वंदन, दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कुलस्ते ने कहा कि कांग्रेस की अध्यक्ष आए थे उनके बताने के लिए कुछ नहीं वो सिर्फ भ्रष्टाचार और आरोप की बात करते है उन्होंने समस्त पदाधिकारी और कार्यकर्ता से कहा कि हमें बूथ तक जाना है की बूथ खाली न रह जाए हमें सभी बूथ पर मेहनत करके संगठन के लिए पुरजोर काम करना है उन्होंने केंद्र मै बैठी नरेंद्र मोदी की सरकार और मध्य प्रदेश में बैठी मोहन यादव बीजेपी की जनकल्याणकारी योजनाओं को गिनाते हुए अनेक उदाहरण बताए समनापुर के स्वागत कार्यक्रम में नव नियुक्त जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम का स्वागत करते हुए आशीर्वाद देते हुए शुभ कामनाएं दी। भाजपा जिलाध्यक्ष चमरूसिंह नेताम ने कहा कि जिस प्रकार से पदाधिकारियो एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वागत किया गया है मै उनका आभारी हूॅ। साथ ही मुझ जैसे छोटे से कार्यकर्ता की पहचान भाजपा के प्रदेश नेतृत्व ने किया है और यह भाजपा संगठन मे ही संभव है। मै प्रदेश नेतृत्व का आभारी हूॅ हम सब भाजपा संगठन के कार्यकर्ता है भाजपा संगठन मे सभी कार्यकर्ताओं के लिए एक सुनिश्चित स्थान एवं सभी का सम्मान है। हमे गर्व है कि हम सब भारतीय जनता पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता है। में आपको विश्वास के साथ कहता हूॅ कि हम सब मिलकर संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए दिन रात मेंहनत करेगे एवं संगठन को नई उॅचाई पर पहॅुचाने का कार्य करेगें। हम सभी पार्टी के पितृपुरूष पं. दीनदयाल जी के चरैवेती के मूल मंत्र के साथ आगे बढ़ना है, और निरंतर कार्य करते रहना है।

## कलेक्टर ने हाईवे निर्माण कार्यप्रगति का किया निरीक्षण



डिण्डौरी

कलेक्टर ने मंगलवार को जोगीटिकरिया से ग्राम आमाचूहा तक राजमार्ग के निर्माण कार्यप्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, एसडीएम डिंडौरी भारती मेरावी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। डिंडौरी से जबलपुर के बीच राजमार्ग निर्माण का कार्य प्रगतिरत है, जिसके सम्बन्ध में निरीक्षण कर तत्सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि स्लोप उचित रूप से बनाकर दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य को पूरा करना है, तत्सम्बन्ध में अधिकारी उचित स्लोप बनाये और संरचना में सुधार करें। उन्होंने कहा कि कार्यपालन यंत्री आरईएस ट्रेकर एप्प के माध्यम से निर्माण कार्य की गुणवत्ता को विभागीय अभियंताओं के माध्यम से जांच करवाएं, साथ ही उन्होंने एसडीएम डिंडौरी को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक 15 दिवस में राजमार्ग निर्माण की प्रगति का जायजा लेते हुए गुणवत्ता का निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। कलेक्टर ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निरीक्षण के दौरान चिन्हित पॉइंट में स्लोप उचित रूप से ठीक करें। उन्होंने कहा कि डीपीआर में जो अनुमोदन हैं वही कार्य स्पॉट पर करना सुनिश्चित कराएं।

## जनशिविरों में शामिल हुए विधायक, हितग्राहियों को हितलाभ वितरित

डिंडौरी



मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत शासन की योजनाओं को धरातल पर साकार करने के उद्देश्य से 11 दिसंबर 2024 से प्रारंभ होकर 26 जनवरी 2025 तक निरंतर जनशिविर आयोजित किये गए। मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान का समापन कार्यक्रम राज्य स्तर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। जनपद पंचायत शहपुरा के ग्रामों में मंगलवार को आयोजित जन शिविरों में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत हितग्राहियों से प्राप्त आवेदन के आधार पर विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने अभियान के दौरान आवेदन करने वाले हितग्राहियों को हितलाभ वितरण किया। अभियान के दौरान प्राप्त आवेदनो पर कार्यवाही कर अभियान के अग्रिम चरण में आवेदकों को हितलाभ वितरण करने के उद्देश्य से आज जनपद पंचायत शहपुरा की ग्राम पंचायत सरसवाही, पायलीघुघरी, मोहराकला, देवगांव, दुल्लोपुर, लालपुर, डोभी, कछारी और धिरवनकला में आयोजित जन शिविर में विधायक ओमप्रकाश धुर्वे शामिल हुए। आयोजित शिविर में जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रियंका आर्मो, जितेन्द्र चंदेल, हीरेन्द्र सिंह मरावी, संतोष साहू, संतोषी विश्वकर्मा, जीतू राय, झनकलाल झारिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि और जिला प्रशासन के राजस्व, पंचायत, महिला एवं बाल विकास, कृषि सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। आयोजित जनशिविरों में आज हितलाभ वितरण के साथ ही अभियान के दौरान शेष रह गए पात्र हितग्राहियों के आवेदन भी स्वीकार किये। विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अभियान के दौरान प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभाग पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित कर रहे है। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के माध्यम से जिला प्रशासन आपके द्वार तक आपकी समस्याओं का निराकरण करने पहुंची है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में किए जा रहे निर्माण कार्यों से ग्राम का विकास किया गया। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से लोगों का उपचार किया जा रहा है, प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से लोगों के पक्के आवास का सपना पूरा हुआ है, अभी प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सर्वे कार्य प्रारंभ है, सभी का नाम सर्वे में शामिल कर पक्का आवास बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान में आयोजित जनशिविरों को सफलतापूर्वक संचालित किया गया है। अभियान के तहत जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में जनकल्याण शिविर आयोजित हुए, जिनमें 60 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त किये। आवेदनों पर कार्यवाही करते हुए, सभी विभाग हितग्राहियों को शासन की योजना का लाभ दे रहे है।

## ग्राम केरपानी में किया दस्तक अभियान का शुभारंभ

# स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग घर- घर जाकर सभी बच्चों की करेगी जांच

### सीएमएचओ ने किया विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण

नरसिंहपुर

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्थ्य अधिकारी डॉ. श्याम सिंह ठाकुर ने जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं का भ्रमण मंगलवार को किया। भ्रमण के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र केरपानी में पहुंचकर बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाकर दस्तक अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि दस्तक अभियान 18 फरवरी से 18 मार्च 2025 तक स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वय से संचालित किया जाएगा।





दस्तक अभियान के तहत स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग में कार्यरत एएनएम, आशा तथा आंगनवाडी कार्यकर्ता का संयुक्त दल घर- घर जाकर 09 माह से 05 वर्ष तक के सभी बच्चों को आयु अनुरुप विटामिन ए अनुपूरण और 06 माह से 05 वर्ष तक के चिन्हांकित एनीमिक बच्चों की डिजिटल हीमोग्लोंबिनोमीटर द्वारा फालोअप जॉच एवं प्रबंधन करना सुनिश्चित किया जायेगा।

अमले द्वारा पिछले दस्तक अभियान में गंभीर बीमारियों से ग्रसित चिन्हांकित किए गए बच्चों का फालोअप करेगी। समुदाय में मिलने वाले बीमार बच्चों की पहचान कर उनका त्वरित उपचार करेगी। गंभीर बीमारियों से ग्रसित बच्चों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य संस्था में उपचार के लिए रेफर भी करेगी। इसके साथ- साथ 100 दिवस निक्षय अभियान के अंतर्गत ग्रामों में शतप्रतिशत हितग्राहियों की स्क्रीनिंग की जायेगी। पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए जायेंगे।

भ्रमण के दौरान सीएमएचओ डॉ. ठाकुर ने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत करने वाली ग्राम केरपानी की हितग्राही आरती पति रामजी चैधरी से बात कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया और उन्हें समझाईश देकर उनकी शिकायत को बंद किया गया। उन्होंने आंगनवाडी केन्द्र रम्पुरा में आयोजित टीकाकरण सत्र एवं दस्तक अभियान का निरीक्षण किया। इसके पश्चात प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बरमान का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्टोर में उपलब्ध दवाईयों और प्रसव केन्द्र में हितग्राही को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं व अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने रिकार्ड संधारण एवं कोल्ड चेन फोकल प्वाईंट में वैक्सीन की उपलब्धता, वितरण व यूविन पोर्टल पर वैक्सीन की डाटा एण्ट्री का निरीक्षण किया। यहां मौजूद सभी अधिकारी- कर्मचारियों को साफ- सफाई रखने के निर्देश दिये।

भ्रमण के दौरान जिला कम्युनिटी मोबिलाईजर मुकेश रघुवंशी, डाटा मैनेजर टीकाकरण गुंजन शर्मा, संबंधित संस्थाओं में पदस्थ अधिकारी- कर्मचारी, एएनएम, आशा एवं आंगनवाडी कार्यकर्ता कर्मचारी मौजूद थी।

## खबर संक्षेप

### अल्पकालीन लेखा प्रशिक्षण 19 फरवरी से 21 मार्च तक

**नरसिंहपुर।** संभाग के समस्त शासकीय कार्यालयों के लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लिये अल्पकालीन लेखा प्रशिक्षण का आयोजन शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला जबलपुर में 19 फरवरी से 21 मार्च 2025 तक किया जायेगा। प्रशिक्षण में पूर्व में लेखा प्रशिक्षण प्राप्त कर्मचारी भी भाग ले सकते हैं। पेंशन संबंधी प्रशिक्षण 19 फरवरी से 21 फरवरी 2025 तक के लिए 500 रूपये, अंकेक्षण के लिए प्रशिक्षण 24 फरवरी से 28 फरवरी तक के लिए एक हजार रूपये, भंडार प्रबंधन संबंधी प्रशिक्षण 3 मार्च से 7 मार्च 2025 तक के लिए एक हजार रूपये और कैशियर एवं अकाउंटेंट संबंधी कार्य प्रशिक्षण 10 मार्च से 21 मार्च 2025 तक के लिए दो हजार रूपये प्रशिक्षण शुल्क निर्धारित किया गया है। शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाखा जबलपुर प्रभारी प्राचार्य ने संभाग के समस्त कार्यालय प्रमुखों से अपील की है कि वे इस प्रशिक्षण के लिए अपने कार्यालय से कर्मचारियों का नाम प्रस्तावित करें।

### मत्स्य किसान समृद्धि योजना का लाभ लेने के लिए पंजीयन कराना आवश्यक

**नरसिंहपुर।** सहायक संचालक मत्स्योद्योग नरसिंहपुर ने बताया कि भारत सरकार ने 8 फरवरी 2025 को प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह योजना अनुमोदित की है। इस योजना के तहत मुख्यत उन्नत सेवा प्रदान करने के लिए नेशनल फिशरीज डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से मछुआरों, मत्स्य पालकों, मत्स्यविक्रेताओं, प्रसंस्करणकर्ताओं और मत्स्य पालन क्षेत्र से जुड़े अन्य व्यवसायियों का कार्य आधारित पहचान पत्र देकर मत्स्य उद्योग, मत्स्य उत्पादन के असंगठित क्षेत्र को क्रमिक रूप से व्यवस्थित कर संगठित किया जायेगा। संबंधित हितग्राहियों को इस योजना का लाभ लेने के लिए 22 फरवरी तक नेशनल फिशरीज डिजिटल प्लेटफार्म- एनएफडीपी पोर्टल पर अपना पंजीयन कराना आवश्यक है।

### तहसील कार्यालय हुआ जर्जर ,प्रशासन उदासीन

**गोटेगांव-** स्थानीय नगर का एकमात्र तहसील कार्यालय इन दिनों अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है।जगह जगह से जीर्ण शीर्ण हो चुका यह तहसील कार्यालय ड्यूटी करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को किसी अभिशाप से कम नहीं है यहां पर आने वाले हितग्राही और शासकीय कार्य से आने वाले ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है।विगत दिवस हमारे संवाददाता ने इस तहसील कार्यालय का दौरा किया तो पाया कि तहसीलदार सहित सभी कर्मचारी इस जर्जर भवन में अपनी सेवाएं देने को मजबूर हैं।चारों से यह तहसील कार्यालय का भवन गिरने की कगार पर है।स्मरण हो कि यह कार्यालय 1989 में बनकर तैयार हुआ था जिसका उद्घाटन 13 जुलाई 1989 को तत्कालीन मुख्यमंत्री माननीय मोतीलाल बोरा की अध्यक्षता में और तत्कालीन संसद सदस्य कर्नल अजय नारायण मुश्रान के विशेष आतिथ्य में हुआ था तब से अभी से किसी भी अधिकारी ने इस कार्यालय का कायाकल्प नहीं किया और न ही कोई रंग रोगन किया लिहाजा यह कार्यालय खंडहरों में तब्दील होता जा रहा है जिसकी जवाबदारी शासन और प्रशासन की बनती है क्या शासन कोई अनहोनी घटना की प्रतीक्षा कर रहा है खिड़की के बारजा लटक चुके हैं।

## निक्षय अभियान के संबंध में सम्पन्न हुई बैठक

**नरसिंहपुर।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 100 दिवसीय निक्षय अभियान के तहत निक्षय शिविर के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र करेली में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला क्षय अधिकारी डॉ. विनय ठाकुर ने निक्षय शिविर के अंतर्गत लोगों के सेंपल की गुणवत्ता, बेसलाइन अससमेंटध फॉलोअप, कांटेक्ट टेस्टिंग, स्क्रीनिंग आदि के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने 100 दिवस निक्षय अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत शेष दिनों में कार्य को गुणवत्ता पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।



बैठक में सीबीएमओ डॉ. अदिति धुर्वे, बीपीएम, बीसीएम, एसटीएलएस, एसटीएस, समस्त सेक्टर सुपरवाइजर, सीएचओ और एएनएम मौजूद थी।

## जनसुनवाई में 67 आवेदन आये



**नरसिंहपुर।** कलेक्टर कार्यालय नरसिंहपुर के जनसुनवाई हाल में मंगलवार 18 फरवरी को जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों ने कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले को अपनी समस्यायें बताई और आवेदन दिये। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने विभिन्न आवेदनों का मौके पर भी निराकरण कराया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह सहित अन्य अधिकारियों ने भी लोगों की समस्यायें सुनी व आवेदन लिए और समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिये। कलेक्ट्रेट में हुई जनसुनवाई में 67 आवेदन आये।

## 24 फरवरी को किसान सम्मान निधि का वितरण

**नरसिंहपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 19 वीं किस्त का वितरण सोमवार 24 फरवरी को बिहार के भागलपुर से करेंगे। पीएम किसान सम्मान निधि की 19 वीं किस्त वितरण किसान सम्मान समारोह के रूप में मनाया जायेगा। विदित है कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत हितग्राहियों को वर्ष में कुल 6 हजार रुपये तीन समान किस्तों में प्रदान की जाती है। पीएम किसान सम्मान निधि सांसद, विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में जिला एवं ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इस संबंध में अपर कलेक्टर नरसिंहपुर ने अनुविभागीय राजस्व अधिकारी नरसिंहपुर एवं नरसिंहपुर, करेली, गोटेगांव, गाडरवारा, तेंदूखेड़ा व सांईखेड़ा के तहसीलदार नायब तहसीलदार को आवश्यक निर्देश दिये हैं। किसान सम्मान निधि कार्यक्रम का प्रसारण जिला व ब्लॉक स्तर पर प्रोजेक्टर व बड़ी स्क्रीन के माध्यम से प्रसारण किया जायेगा। जिले की ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम के प्रसारण की व्यवस्था की जायेगी। योजनांतर्गत पटवारियों को नियत ग्राम के लिए नोडल अधिकारी होंगे। सभी नोडल अधिकारी संबंधित कृषकों को भी कार्यक्रम में वर्चुअली सम्मिलित होने के लिए प्रेरित करेंगे।

# करोड़ों रुपए पानी की तरह बहाये फिर भी नहीं हुई पानी की व्यवस्था

### ढिलवार में सरकारी धन की बर्बादी

**तेंदूखेड़ा** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 45 जबलपुर भोपाल सड़क मार्ग के किनारे पर बसे स्वतंत्रता आंदोलन में अंग्रेजों के छक्के छुड़ाने वाले अमर शहीद डेलनशाह नरवर शाह के ग्राम ढिलवार की पेयजल व्यवस्था स्थानीय स्तर से लेकर ऊपर बैठे आला अधिकारियों तक सभी को विदित है।इस व्यवस्था हेतु करोड़ों रुपए की राशि पानी की तरह बहाई गई लेकिन आज तक समस्या का निराकरण नहीं हो सका है। पहाड़ी की तलहटी में स्थित इस ग्राम में पानी की समस्या कोई आज की समस्या नहीं है। यहां पर जमीनी जल स्तर हजारों फिट नीचे है।जमीनी जल स्तर बढ़ाने की दिशा में यहां पर लगभग 16 एकड़ भूमि पर एक करोड़ से अधिक की राशि से मुख्यमंत्री सरोवर योजना के अंतर्गत तालाब निर्माण स्वीकृत हुआ था लेकिन विभागीय तत्कालीन वरिष्ठ अधिकारियों की लालफीताशाही और महाराष्ट्र की कंपनी जिसने ठेका लिया था उससे ठेका छीन कर अधिकारियों ने अपने ही लोगों को पेटी पर काम दिला दिया था परिणामस्वरूप पहली ही बरसात में तालाब बह गया था और करोड़ रुपए पानी में बह गये। आज तक दोषियों पर कोई कार्रवाई नहीं हो सकी और ना ही तालाब बचा है।





### पी एच ई ने जगह-जगह कराये गड्ढे

इतना ही नहीं पी एच ई विभाग ने पेयजल आपूर्ति को लेकर पूरे गांव और आस पास गढ्ढे.खोदकर करोड़ों रुपए की राशि खर्च कर जगह जगह हेडपंप भी लगाये फिर भी बात नहीं नहीं कुछ समय तक पानी रहने के बाद गर्मी की आहट शुरू होते ही हेंडपंपो से पानी की जगह हवा निकलने लगती है। यहां के वाशिंदे दो किलोमीटर दूर से खेतों के कुओं से पानी खींचकर पानी कुप्पो में साइकिलों या बैलगाड़ियों से लेकर आते हैं वहीं निस्तार करने के साथ मवेशियों को पानी भी पिलाने ले जाते हैं।

वर्तमान में यहां पर मात्र 07 हेंडपंपो से ही पानी निकल रहा है।

### तीन चार दिन में मिलता है एक बार पानी

लाखों रुपए खर्च करने के बाद जब बात नहीं बनीं तो जल जीवन मिशन योजना के तहत ढिलवार के बगीचा नामक स्थान लगभग एक किलोमीटर दूर से एक ट्यूब बेल के गड्ढे से विद्युत मोटर से पाइप लाइन द्वारा पानी शहीद स्मारक तक लाया जाता है यहां पर बनी छोटी सी पानी की से पानी पाइप लाइन के द्वारा गांव में भेजा जाता है। लेकिन यह पानी भी तीन दिन में एक बार ही मिल पाता है।वह भी या तो आधा घंटे से भी कम चल पाता है। लोगों को कहना है कि एक साथ एक दिन में सभी को पानी नहीं मिल पाता है। अलग-अलग दिनों में ही पानी मिल रहा है। चूंकि अभी गर्मी शुरु नहीं हुई है जब भीषण गर्मी होगी तब क्या हाल होगा। और भी भयावह स्थिति निर्मित होने की अशंका बनीं हुई है।

### इतनी राशि में तो नर्मदा जल आ जाता

सबसे बड़ा सोचनीय विषय तो यहां पर यह बना हुआ है कि पेयजल आपूर्ति को लेकर ढिलवार गांव के लिए अभी तक जितनी राशि खर्च की गई है लगभग इतनी राशि में सीधे करोंदी घाट से नर्मदा जल ढिलवार तक पहुंच जाता और बीच में एक और समस्या ग्रस्त ग्राम जेतपुर में भी पानी की व्यवस्था हो सकती थी।

### इनका कहना है

ढिलवार पंचायत में पानी की योजना अभी पुनिरीक्षित है अभी यहां पर पेयजलापूर्ति को लेकर पर्याप्त व्यवस्था की जानी है। विजली की व्यवस्था को लेकर अभी तक हम अपने मुकाम तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। फिलहाल पानी की समस्या तो अभी है लेकिन उसका निराकरण करने के लिए प्रयासरत हैं।

**सुनील परते**

पर एच ई चांवरपाठा

# राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत लोगों का कराया जा रहा एक्स- रे

नरसिंहपुर

राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 100 दिवसीय निक्षय अभियान को सफल बनाने के लिए कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में प्रतिदिन लोगों के सेंपल एकत्रित किये जा रहे हैं। इसके अलावा एक्स- रे भी कराया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से 25 मार्च 2025 तक 100 दिवसीय निक्षय शिविर का आयोजन जिले में किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य है कि टीबी उन्मूलन के प्रयासों को और अधिक गति देने और जन जागरूकता को बढ़ावा देना है। इसी क्रम में करेली ब्लॉक के अंतर्गत पिपरिया लिंगा में निक्षय शिविर का आयोजन किया गया। यहां स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व आशा कार्यकर्ताओं ने शिविर के एक दिन पूर्व ग्रामीणों और किसानों को अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचने के लिए प्रेरित किया था। शिविर के दिन यहां लोगों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। स्वास्थ्य कर्मियों ने लोगों की खकार की जांच की व सेंपल लिये और एक्स- रे भी कराया। स्वास्थ्य विभाग का अमला निचले स्तर पर जाकर जिले के नागरिकों की जांच कर रही है। जिला स्तर से लेकर ग्राम पंचायत स्तर और ब्लॉक स्तर पर बड़े पैमाने में शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। इसी तरह नरसिंहपुर ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम बचई में स्थित सुगर मिल में निक्षय शिविर का आयोजन किया गया। यहां कार्यरत मजदूरों की संभावित लक्षणों के आधार पर टीबी की स्क्रीनिंग और एक्स- रे लिये गये।



### ग्राम टीला में बदहाल सड़क बनी मुसीबत, ग्रामीणों ने पक्की सड़क निर्माण की उठाई मांग

**गोटेगांव।** जनपद पंचायत गोटेगांव के अंतर्गत ग्राम पंचायत झांसी के गांव टीला में सड़क की बदहाल स्थिति से ग्रामीणों को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के मौसम में हालात और ज्यादा खराब हो जाते हैं, जिससे गांववासियों, स्कूली बच्चों और किसानों का आना-जाना मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पक्की सड़क निर्माण की मांग की है।ग्राम टीला की मुख्य सड़क वर्षों से कच्ची और जर्जर हालत में है। थोड़ी सी बारिश होते ही सड़क कीचड़ में तब्दील हो जाती है। इससे विद्यार्थियों, मरीजों और ग्रामीणों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। गांव के लोगों ने बताया कि स्कूल जाने वाले बच्चों को फिसलकर गिरने की नौबत आ जाती है, वहीं बरसात में वाहनों का निकलना भी दूभर हो जाता है।ग्रामीण किशोरलाल, रामभजन, गोपाल, सीता बाई, रामस्वरूप, राधेश्याम सहित कई लोगों ने बताया कि वे कई बार अधिकारियों से इस समस्या की शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने कहा कि यदि जल्द ही सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।गांववासियों ने जनपद पंचायत, लोक निर्माण विभाग और जिला प्रशासन से अपील की है कि ग्राम टीला की सड़क को प्राथमिक से सुधारें।

## सांसद श्री कुलस्ते का दौरा कार्यक्रम

**नरसिंहपुर।** सभापति एससी एसटी कल्याण संबंधी समिति लोकसभा एवं सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते गुरूवार 20 एवं शुक्रवार 21 फरवरी को जिले के प्रवास पर रहेंगे। वे यहां स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। जारी दौरा कार्यक्रम के अनुसार श्री कुलस्ते गुरूवार 20 फरवरी को दोपहर दो बजे बंडा तहसील जिला सागर से प्रस्थान कर सायं 6 बजे सर्किट हाऊस नरसिंहपुर आयेंगे। और शनिवार 22 फरवरी को रात्रि 12.10 बजे सर्किट हाऊस नरसिंहपुर से प्रस्थान कर रात्रि 12.20 बजे नरसिंहपुर रेलवे स्टेशन आयेंगे और यहां से रात्रि 12.35 बजे ओवरनाईट एक्सप्रेस ट्रेन के माध्यम से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

# खड़े डंपर से टकराई यात्री बस, 9 यात्री घायल



तेंदूखेड़ा मंगलवार को दोपहर लगभग तीन बजे के लगभग

तेंदूखेड़ा गाडरवारा सड़क मार्ग पर ग्वारी के समीप खड़े डंपर में एक यात्री बस क्रमांक एमपी 19 पी 1669 टकरा गई जिसमें लगभग दो लोगों को गंभीर चोटें आई हैं बाकी 7 यात्रियों को छुट पुट चोटें आई हैं जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार किया गया।बस चालक मौके से फरार हो गया है।हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार तेंदूखेड़ा से गाडरवारा के लिए जा रही एक यात्री बस ग्वारी के समीप पिछले दो दिनों से बिगड़ी हालत में खड़े एक डंफर से भिड़ गई । जिसमें अंकित पटेल पिता संतोष पटेल 20 साल मनकापुर निवासी तथा देवरी जिला सागर पंचम जोगी पिता शंकर जोगी 45 साल को गंभीर चोटें आई हैं। अन्य घायलों में स्कूली छात्राएं भी शामिल हैं जो स्कूल से अपने घर वापस जा रही थी। घायलों में निकिता बाई पिता मोहन केवट उम्र 17 साल पहले ग्राम भामा भाग्यवती श्रीवास पति इन्द्रजीत श्रीवास उम्र 48 ग्राम भामा गुडडीबाई पति संजू धानक उम्र 35 ग्राम बरमान जयश्री पिता राजकुमार लोधी उम्र 17 वर्ष ग्राम बरियाघाट संजू धानक पिता हल्के धानक उम्र 40 वर्ष ग्राम बरियाघाट गब्बर उईके पिता वाली सिंह उईके उम्र 21 वर्ष ग्राम करौंदी राजकुमार पिता गौरेलाल पटेल उम्र 32 वर्ष निवासी ग्वारी प्रमुख रुप से शामिल हैं ।

## जो संयम में खड़ा है वही सबसे बड़ा है- मुनि आस्तिक्य सागर

**तेंदूखेड़ा** आज मनुष्य साधनों की रंगीन दुनिया मे इतना रम गया है कि साधना को भूला गया है भौतिक सुख सविधाओ के साधन जुटाने में सारी उमर निकली जा रही है संयम साधना से कोसों दूर है। वालों में तो सफेदी आ गयी है परन्तु वस्त्रों में सफेदी नहीं आई है संयम साधना विहीन जीवन दीमक लगे वृक्ष के समान होता है कब धराशायी हो जाये इसका कोई भरोसा नहीं है। यह मानव रुपया पैसा धन दौलत कोठी बंगलों इज्जत शोहरत से अपने को बडा मानता है परंतु सत्य तो यह है कि जो संयम में खडा है वही सबसे वडा है। उक्ताशय के उद्धार चर्या शिरोमणि आचार्य 108 श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के परम शिष्य मुनि आस्तिक्य सागर जी महाराज ने दिगम्बर जैन मंदिर में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुये धर्मसभा में व्यक्त किये। संत शिरोमणि आचार्य भगवन श्री विद्यासागर जी महाराज के ईसवी सन के अनुसार 18 फरवरी को प्रथम समाधि स्मृति दिवस पर अपनी भावांजलि व्यक्त करते हुये संघस्थ मुनि प्रणीत सागर जी महाराज ने कहा कि साधु जीवन के छह सोपान हुआ करते हैं दीक्षा काल शिक्षाकाल गणपोषणकाल आत्मसाधना काल सल्लेखना काल और उत्तमार्थकाल आचार्य विद्यासागर जी महाराज का जीवन इन छहों सोपानों की कसौटी पर खरा रहा है आज आवश्यकता है आचार्य श्री के कृतित्व को विश्व के कौने कौने तक प्रसारित करने की तभी हम आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के सच्चे भक्त, कहला सकते हैं। एक वार आचार्य श्री के दर्शन किये थे जिसका महान फल मुझे ये मिला की मेरे हाथों में भी पिच्छी कमंडल आ गया में भी विद्यासागर जैसा दिगंबर वन गया। इसके पूर्व सुबह 8 वजे तेंदूखेडा नगर में द्वय युगल मुनियों (गृहस्थावस्था के सगे जुडवा भाई ) 108 मुनि श्री प्रणीत सागर महाराज एवं 108 मुनि आस्तिक्य सागर जी महाराज का शुभागमन हुआ सकल जैन समाज जनों ने भव्य मंगल आगवानी की ब्रम्हचारी विजय भैया का भी सान्निध्य प्राप्त हुआ भैयाजी ने भी आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के प्रति अपनी भावांजलि व्यक्त की कार्यक्रम का संचालन पं कमल कुमार शास्त्री एवं महीष मोदी ने किया। संध्या वेला में 1008 दीप प्रज्ज्वलित करके महाआरती की गई।



## विद्यालय में पोषक आहार वितरित



गोटेगांव

नगर के शिशु बाल मंदिर विद्यालय में संत शिरोमणि गुरु आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज की प्रथम समाधि दिवस पर पूर्णायु आयुर्वेदिक चिकित्सालय एवं अनुसंधान विद्यापीठ द्वारा निर्मित पोषक आहार का वितरण किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जैन समाज के अध्यक्ष राजकुमार जैन , बाल शिक्षा समिति के वरिष्ट मार्गदर्शक सिंघई अनिल कुमार जैन , अध्यक्ष पंकज जैन, व्यवस्थापक आनंद अग्रवाल, बाल शिक्षा समिति के सदस्य संजय जैन, सदस्य संदीप जैन ,विद्यालय के प्रभारी कमलेश नामदेव उपस्थित रहे एवं दीप प्रज्वलित कर आचार्य का मंगल आशीष प्राप्त किया , आचार्य जी ने बच्चों की शिक्षा एवं स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए प्रतिभास्थली एवं पूर्णायु संस्थान खोला जिसमें सभी धर्म के लोग एवं बच्चे लाभ प्राप्त कर सके , ताकि हमारे भारत का कोई भी बच्चा कुपोषित व कमज़ोर न हो साथ ही विद्यालय परिवार एवं अभिभावक द्वारा धन्यवाद सहित इस कार्य की अति प्रशंसा की गई।